अभ्यास पत्रिका

व्याकरण

कक्षा - तीसरी　　　　　　　　　　　　　　　　　　सर्वनाम

निर्देश : दिए हुए कार्य को कॉपी में करिए |

प्र०1. खाली स्थान में उचित सर्वनाम शब्द लिखिए -

क) ________________ गाना नहीं आता |　　　　(कुछ / कोई)

ख) वहाँ ______________ बैठा है ?　　　　(कौन / क्या)

ग) मुझे खाने के लिए _____________ चाहिए |　　　　(कुछ / कोई)

घ) मैंने ______________ खेलने के लिए गुड़िया दी थी |　　(उसको / आपका)

ङ) _______________ गाना नहीं आता |　　　　(मुझे / मेरे)

च) जो परिश्रम करेगा, _______ सफल होगा |　　　　(वे / वह)

प्र०2. दिए गए सर्वनाम शब्दों को वाक्य बनाइए -

क) उनको - ________________________________________________ |

ख) हमें - ________________________________________________ |

ग) वह - ________________________________________________ |

घ) किसने - ________________________________________________ |

प्र०3. नीचे लिखे वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम शब्द किसके लिए आया है ? लिखिए -

क) शिवानी ने पेंसिल देखकर कहा - भाई इसे दिखाना |

________________ के लिए

ख) शीतल ने रोहन से कहा - तुम क्या कर रहे हो ?

_________________ के लिए

ग) बिल्ली ने दूध पिया और वह वहाँ से भाग गई |

_________________ के लिए

घ) माता ने बेटे से कहा - मैं तुम्हारे लिए कपड़े लाई हूँ |

_________________ के लिए

गतिविधि

LIVEWORKSHEETS

नीचे दी गई कहानी में से <u>पाँच</u> सर्वनाम शब्द ढूँढ़कर सितारों लिखिए ---

(कहानी कॉपी में न लिखें)

एक बार की बात है | तीन बैल आपस में बहुत अच्छे दोस्त थे | वे साथ मिलकर घास चरने जाते और बिना किसी अहंकार के हर चीज़ आपस में बाँटते थे | एक शेर काफ़ी दिनों से उन तीनों के पीछे पड़ा था, लेकिन वह जानता था कि जब तक ये तीनों एकजुट हैं, तब तक वह उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता |

शेर ने उन तीनों को एक-दूसरे से अलग करने की चाल चली | उसने बैलों के बारे में अफवाहें उड़ानी शुरू कर दी | अफवाहें सुन-सुनकर उन तीनों के बीच गलतफहमी पैदा हो गई | धीरे-धीरे वे एक-दूसरे से जलने लगे | आखिरकार एक दिन उनमें झगड़ा हो गया और वे अलग-अलग रहने लगे | शेर के लिए वह बहुत अच्छा अवसर था | उसने इसका पूरा लाभ उठाया और एक-एक करके तीनों को उसने मार डाला और खा गया |

एकता में ही शक्ति है |

LIVEWORKSHEETS